प्रदर्शन

उज्जैन किसान कांग्रेस नेता के जिलाबदर के विरोध में प्रदर्शन

# किसान कांग्रेस ने सीएम का पुतला फूंका





**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट में सोमवार को किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुरू पटेल के नेतृत्व में काली पुतली चौक पर हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के प्रतीकात्मक पुतले को जलाया। इस दौरान पुलिस और नगरपालिका कर्मियों ने पुतला जलाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके।

किसान कांग्रेस उज्जैन के किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष के खिलाफ की गई जिलाबदर की कार्यवाही और दर्ज किए गए प्रकरण से नाराज है। इसी के विरोध में यह पुतला दहन किया गया।

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुरू पटेल ने बताया कि भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव में किसानों से गेहूं और धान की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को लेकर वादा किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ढाई साल बीत जाने के बाद भी यह वादा पूरा नहीं कर सकी है, जिससे किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है।

पटेल ने कहा कि किसान पहले से ही कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में किसानों की आवाज उठाने वाले उज्जैन जिलाध्यक्ष के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई किसानों की आवाज दबाने जैसा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसान कांग्रेस किसानों की आवाज को दबने नहीं देगी और उनकी समस्याओं को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ




**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के अंतर्गत तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ किया गया। सेमिनार का विषय 'Health, Wellness, Sports - Essential Need for Modern WorldÓ रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स, यू-मैन हेल्थ-वेलनेस (एम.पी.एच.ई.) तथा मेंटल हेल्थ यूनिट (एन.टी.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सेमिनार के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती भारती पारधी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में डॉ. आई.पी. त्रिपाठी, कुलगुरु राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा, श्री अजय सिंह राजपूत (साउथ अमेरिका), श्री अनिल करवंडे नागपुर, डॉ. बी.एम. शरणागत, श्री किरणभाई त्रिवेदी, प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे एवं डॉ. पी.एस. कातुलकर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन, स्वागत गीत एवं वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वास्थ्य, कल्याण और खेल केवल शौक नहीं बल्कि जीवन की आवश्यकता बन चुके हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती भारती पारधी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ योग, खेल और व्यायाम को भी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी, ताकि वे मानसिक रूप से एकाग्र और शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकें। राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. आई.पी. त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में व्यक्ति का चतुर्दिक विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, योग और प्राणायाम के माध्यम से हम अपने जीवन को संतुलित और स्वस्थ बना सकते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा में ऋषि-मुनियों ने योग और प्राणायाम को विशेष महत्व दिया है, जिसे जीवन में अपनाना आवश्यक है।

डॉ. बी.एम. शरणागत ने अपने व्याख्यान में बताया कि खेल गतिविधियों से शरीर में 'हैप्पी हार्मोन्स' रिलीज होते हैं, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। वहीं राजीव चौधरी ने कहा कि खेल शरीर, मन और आत्मा तीनों को प्रभावित करते हैं, इसलिए यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. पी.एस. कातुलकर द्वारा किया गया, जबकि मंच संचालन डॉ. राकेश चैरे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अनिल झरबड़े तथा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।



# जिला कराते संघ द्वारा ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** स्थानीय महालक्ष्मी बाई उ. मा. विद्यालय के हाल में जिला कराते संघ द्वारा 9 एवं 10 मई 2026 को जिला कराते संघ द्वारा कराते का प्रशिक्षण एवं ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग का कार्यक्रम रखा गया। उक्त कार्यक्रम को संपन्न कराने देवास से सीनियर प्रशिक्षक सेंसई प्रवीण ढोबले (ब्लैक बेल्ट 7 डॉन) द्वारा बेल्ट ग्रेडिंग ली गई। जिसमें 17 ब्लैक बेल्ट 1 डॉन एवं 6 ब्लैक बेल्ट 2 डॉन हुए। उक्त जानकारी जिला कराते संघ के अध्यक्ष सेंसई कृष्णदास गोंडूदे (ब्लैक बेल्ट 4 डॉन) द्वारा दी गई। अत: कार्यक्रम के समापन अवसर पर एम. एल. बी. स्कूल के प्राचार्य मनोज जैन, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी, जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे एवं अरविन्द सोनी ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिये। जिला कराते संघ के कराते प्रशिक्षक वाशु विश्वकर्मा, आशीष वर्गीश, राजेश्वरी शर्मा, अनवी सोनी, एम एस कृष्णन चौबे, शौर्य वीर नागपुरे एवं आशु पटले तथा समस्त कराते खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# आलोक संस्थान ने किया साहित्यकार सुधाकर शर्मा का सारस्वत सम्मान



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के ख्यातिलब्ध साहित्यकार पं. सुधाकर शर्मा के व्यक्तित्व - कृतित्व को रेखांकित करते हुए दतिया मध्यप्रदेश के कला, संस्कृति और साहित्य को समर्पित आलोक संस्थान ने अनेक साहित्यिमनीषियों की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में सारस्वत सम्मान से विभूषित किया!

पंडित सुधाकर शर्मा के प्रबंध काव्यों,स्फुट गीतों, संस्मरणात्मक निबंधों और व्यंग्य विचार प्रधान लेखों पर संचालक हरिहर शर्मा, साहित्यकार कमलकांत शर्मा ने विस्तार से प्रकाश डाला !इस अवसर पर पं. सुधाकर शर्मा पर केंद्रित डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय कृत विश्लेषणात्मक कृति प्रबंध सुधाकर के प्रबंध काव्यों क्रमश: मंथरा, पाषाणी, रत्नावली और अश्वत्थामा के अतिरिक्त प्रकाशनाधीन महा गीत प्रबंध ' रामप्रिया ' एवं आख्यान काव्य ' गीता वाणी ' की व्याख्या करते हुए अतिथि वक्ताओं ने कहा कि आज आलोक संस्थान का कविता पर्व धन्य हो गया है! सम्मान समारोह के उपरांत सरस काव्य-गोष्ठी का संचालन हरिहर शर्मा ने किया! सम्मानित सुकवि पं. सुधाकर शर्मा ने महाकाव्य

' माँ ' के उत्पन्ना पर्व और ऊर्मि पर्व के प्रतिनिधि पद्यांश सुना कर उपस्थित साहित्य प्रेमियों को भावाभिभूत कर दिया! संस्थान केअध्यज्ञ डॉ. आलोक सोनी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार क्षापित किया!

## अब तक 60 हजार 356 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। चालू सीजन में जिले के 2218 किसानों से 60 हजार 356 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 08 करोड़ 44 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें से 2912 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक करा चुके है।



# विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**नवभारत, बैहर।** जिला न्यायाधीश श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए आयुष विभाग बैहर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में आने वाले समस्त पक्षकारों का नि:शुल्क उपचार किया गया तथा दवाईयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. संवेदिता कुमरे ए.एम.ओ., डॉ. मयंक उयके डॉ. देवेश चौहान एच.एम.ओ., श्री हरिलाल परस्ते, श्रीमती मीना पडवार, श्रीमती गायत्री पटले, श्रीमती अंतिमा तिवारी, श्री फूलसिंह उयके, आयुर्वेद चिकित्सालय बैहर डॉ. यशवंती धुर्वे ए.एम.ओ., सीमा मसराम, सरोज मेरावी, क्रिर्ती गौर,गितिका शेण्डे, सिविल अस्पताल बैहर उपस्थित थे।

नेशनल लोक अदालत में सिविल न्यायालय परिसर बैहर में सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था व सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु भिन्न-भिन्न थानों से उपस्थित पुलिस बल का विशेष योगदान रहा।

# संगठन की एकता से ही कांग्रेस मजबूत होगी : राहुल सिंह




**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश विधानसभा पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट (सीधी) विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया' का पूर्व विधायक अशोक सिंह सरस्वार एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट अशोक सिंह सरस्वार के बालाघाट स्थित शासकीय आवास पर आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार एवं उनकी धर्मपत्नी को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।इसी तारतम्य में राहुल भैया द्वारा कांग्रेस परिवार के सम्मानित सदस्यों के साथ संवाद कर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए अपने विचार साझा किए एवं कांग्रेस पदाधिकारीगण एवं कांग्रेस परिवार के सदस्यों से आत्मीय भेंट-मुलाक़ात कर उन्हें मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष म.प्र. विधानसभा हिना कांवरे ,जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक संजय उईके , वारासिवनी के ऊर्जावान विधायक विवेक विक्की पटेल ,कांग्रेस नेत्री पुष्पा बिसेन , संगठन महासचिव श्री शफकत खान जी, शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी , खमरिया ब्लॉक अध्यक्ष दमन सिंह राहंगडाले ,भरवेली ब्लॉक अध्यक्ष अनिल बनोटे सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन, सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग परीक्षा में बालाघाट के 7 संविदा चिकित्सकों का चयन

**किरनापुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे ने प्रदेश में हासिल की 8वीं रैंक**



**नवभारत, किरनापुर।** बालाघाट जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव की बात है कि जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा आधार पर सेवाएं दे रहे 7 चिकित्सा अधिकारियों का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से नियमित चिकित्सा अधिकारी (एमबीबीएस) पद के लिए हुआ है।

हाल ही में जारी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के परिणामों में जिले के इन चिकित्सकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नियमित चिकित्सा सेवा में स्थान प्राप्त किया है। इनमें किरनापुर के प्रभारी बीएमओ डॉ. वर्ष चौबे ने पूरे प्रदेश में 8वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं लालबर्रा की प्रभारी बीएमओ डॉ. रितु धुर्वे का भी चयन नियमित चिकित्सा सेवा के लिए हुआ है।

नियमित सेवा के लिए चयनित चिकित्सकों में डॉ. वर्ष चौबे, डॉ. रौशनी नागदेवे, डॉ. अंकित खरोले, डॉ. प्रिया मोरोपे, डॉ. करिश्मा सिल्हारे, डॉ. परितोष शुक्ला एवं डॉ. रितु धुर्वे शामिल हैं। इनमें से कई चिकित्सक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संविदा अथवा बांड के आधार पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं या पूर्व में दे चुके हैं। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में इन चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने चयनित सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए इसे जिले के लिए उपलब्धि बताया है। मध्यप्रदेश स्वास्थ्य संचालनालय भोपाल द्वारा चयनित चिकित्सकों की पदस्थापना के लिए पृथक आदेश जारी किए जाएंगे, जिसके बाद उन्हें प्रदेश की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में नियमित चिकित्सा अधिकारी के रूप में सेवाएं प्रदान करने का अवसर मिलेगा।

# घर में घुसकर की मारपीट, दी जान से मारने की धमकी

▸ **शिकायत पर तिरोड़ी पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई, पीड़ित महिला ने एसपी और सीएम हेल्पलाइन में लगाई गुहार**

**नवभारत, कटंगी 11 मई।** थाना तिरोड़ी क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला कौशल्या राउत पति प्रहलाद राउत ने 23 मार्च को थाना प्रभारी, थाना तिरोड़ी को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की थी, किन्तु तीन माह बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। आवेदन के अनुसार, रात लगभग 2:00 बजे आवेदिका का पुत्र शैलेश राउत घर में सो रहा था। उसी समय गांव का ही साहबु साजन, अमित बोरकर गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए। दरवाजा खोलने पर आरोपियों ने गुस्से में आकर शैलेश राउत को लात-घूंसों और हाथों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया।

**बचाने आई मां को भी पीटा, चेन छीनी**

जब आवेदिका कौशल्या राउत अपने बेटे को बचाने गई तो आरोपियों ने उसे भी उठाकर पटक दिया और मारपीट की। मारने के बाद आरोपियों ने आवेदिका की चेन (गले का हार) छीन ली।

**एएसआई ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने कहा**

आवेदिका ने बताया कि हमारी शिकायत पर अधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई केवल आवेदन लिया गया और जांच करने की बात कही गई, पर जांच नहीं की गई। इसके बाद आवेदक ने एसपी कार्यालय और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। इस पर तिरोड़ी थाने के एएसआई दिनेश दियेवार द्वारा कार्रवाई कर रहे हैं कहकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत वापस लेने कहा गया। लगभग तीन माह व्यतीत हो जाने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**कड़ी सजा और सुरक्षा की मांग**

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट से निवेदन किया है कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाएं और द्व 'हम दोनों मां-बेटे को सरकार की तरफ से सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना नहीं हो। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित परिवार दहशत में जीवन बिता रहा है और तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# पत्रकारों की सुरक्षा और सुविधाओं पर की गई चर्चा

▸ **पत्रकार संघ की बैठक आयोजित**



**नवभारत कटंगी 11 मई।** स्थानीय रेस्ट हाउस में मंगलवार को वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गनाइजेशन (राष्ट्रीय पत्रकार संघ) की कटंगी तहसील इकाई द्वारा पत्रकारों की समस्याओं, अधिकारों एवं संगठन की मजबूती को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने सहभागिता करते हुए पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के समक्ष आ रही चुनौतियों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करना रहा। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार संघ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने की।

**पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है : शर्मा**

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है, जो दिन-रात मेहनत कर आम जनता की समस्याओं को शासन और प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सुरक्षा की कमी, आर्थिक अस्थिरता, सामाजिक दबाव तथा निष्पक्ष पत्रकारिता में आने वाली बाधाएं प्रमुख हैं।

**इनकी रही उपस्थिति**

पत्रकार संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा, संजय अग्रवाल, संदीप शर्मा, मनीष चौकसे, अमित जैन, गोविंद शुक्ला, साकेत मिश्रा, छवि मरठे, राहुल भूरे, रवि कौड़ा, हर्ष शर्मा, असफाक खान एवं अन्य सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस को चकमा देकर शराब तस्कर फरार

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट की गढ़ी थाना पुलिस ने सोमवार को एक कार से 57.240 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस चेकिंग को देखकर तस्कर वाहन समेत भाग निकला और बाद में कार को खेत में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर आबकारी एक्ट में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बैहर की ओर से एक सिल्वर रंग की कार (सीजी04एच3606) में अवैध शराब ले जाई जा रही है। खुर्सीपार खजरा तिराहे पर जब पुलिस ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, तो चालक चेकिंग पॉइंट पार कर पास के गांव की ओर भागने लगा। इसके बाद पुलिस के पीछा करने पर आरोपी वाहन को गांव के बाहर एक खेत में छोड़कर भाग गया।

# जांच के नाम पर गेस्ट हाउस में हो रही थी मेहमाननवाजी



▸ **रेत और मुरूम चोर करते रहे खेल, खनिज निरीक्षक की कार्रवाई सवालों के घेरे में**

**नवभारत, कटंगी 11 मई। जिले में रेत और अवैध मुरम खनन पर लगाम लगाने पहुंचे खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटील की कार्रवाई ही सवालों के घेरे में आ गई है।**

जांच के दौरान खनिज विभाग की टीम का ठहराव गेस्ट हाउस में रहा, जहां कथित तौर पर मेहमाननवाजी और पार्टी का दौर चलता रहा, वहीं दूसरी ओर मुरम माफिया और रेत माफिया खुलेआम अवैध खनन और परिवहन करते रहे। खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटील पहले भी अनियमितताओं के चलते विवादों में रह चुके हैं। अब फिर उन पर सवाल उठने लगे हैं।

केवल की जा रही है खानापूर्ति

ग्रामीणों का आरोप है कि जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। टीम के गेस्ट हाउस में रुकने के दौरान अवैध खनन करने वालों को सूचना लीक कर दी गई, जिससे वे सतर्क हो गए और कार्रवाई से बच निकले। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस समय खनिज विभाग की टीम गेस्ट हाउस में थी, उसी दौरान क्षेत्र में मुरम से भरे डम्पर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बेरोकटोक दौड़ रही थीं। अस्वीकृत घाटों से अवैध उत्खनन जारी रहा।

## तिरोड़ी के कार्यों में भी चोरी की रेत

ग्रामीणों के अनुसार तिरोड़ी MOIL में चल रहे निर्माण कार्यों में भी ठेकेदार द्वारा बिना रॉयल्टी के क्षेत्र के नदी-नालों से मिट्टी युक्त रेत कम रेट में खरीदी कर उपयोग की जा रही है, जिससे निर्माण कार्य भी गुणवत्ताहीन हो रहे हैं।

**उठ रहे ये गंभीर सवाल** -आखिर खनिज निरीक्षक की भूमिका पर सवाल क्यों? क्या जांच टीम को मैनेज किया गया? गेस्ट हाउस में पार्टी किसके खर्चे पर हुई? अवैध खनन करने वालों को पहले से सूचना किसने दी? क्या खनिज विभाग के अधिकारी भी माफिया से मिले हुए हैं? क्या शासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई करेगा? स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।